लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ से सम्बद्धः–

# प0 जगन्नाथ मिश्र लॉ कालेज


पूरे भैरो मिश्र, लालगंज, रायबरेली

सम्पर्क सूत्र – 9918020211, 8858498381

email.id :- pjmlawcollege@gmail.com


पत्रांक :– ...............

दिनांक :–26/07/2025

कुल सचिव का कार्यालय
1456
26.07.25

सेवा में,

कुलसचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

विषयः– प्राचार्य एवं सहायक आचार्यों के विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर शो कराने के सम्बन्ध में –

महोदय,

निवेदन के साथ अवगत कराना है कि महाविद्यालय द्वारा एल.एल.बी. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य एवं सहायक आचार्यों के विज्ञापन 2 समाचार पत्रों में 3 दिवसो तक लगातार प्रकाशित करवाए जा चुके है। जिनकी छायाप्रतियां संलग्न कर कर आपकी सेवा में प्रेषित है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि उपरोक्त को प्राप्त कर विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर शो करने की कृपा करें।

सादर!

भवदीय

प्रबन्धक
पं० जगन्नाथ मिश्र लॉ कालेज
पूरे भैरोमिश्र, लालगंज-रायबरेली

इंचार्ज (वेबसाइट)

26.7.25

तूल पकड़ता जा रहा है आज एक अधिवक्ता अपने साथियों के साथ उप जिलाधिकारी बिंदकी के यहां पहुंचे और इस बाबत प्रार्थना पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है।

दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रार्थी कमल किशोर एड० तहसील बिन्दकी में अधिवक्ता है। प्रार्थी ने कल 03 जुलाई 2025 को सायं 4 बजे कृष्णा स्वीट हाउस से एक पारले जी बिस्किट का बड़ा पैकेट व था। जो कि काले रंग का था। प्रार्थी के पास दो पीस कालाजाम बचे हुए है जिसमें मिलावटी खोया व जला हुआ कालाजाम पाया गया है जो कि प्रार्थी के पास मौजूद है।जन स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा कृत्य घोर अपराध की श्रेणी में आता है कृपया प्रतिष्ठान की खाद्य सामग्री की जांच कर त्वरित कार्यवाही करे। साक्ष्य के रूप में अवशेष दो कालाजाम मौजूद हैं।

# निशुल्क जांच शिविर का आयोजन जहानाबाद

नायक संवाददाता

जहानाबाद/फतेहपुर जनपद के जहानाबाद जे के पॉलीक्लिनिक द्वारा दिनांक 5 जुलाई दिन शनिवार दोपहर 12:00 से शाम 3:00 बजे तक निशुल्क जांच शिविर का आयोजन




जन कल्याण पाली क्लीनिक जहानाबाद में निशुल्क जांच शिविर हड्डी एवं जोड़ रोग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर पुष्कर आनंद श्रीवास्तव जी जेके पाली क्लीनिक पर होने जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर डीडी वर्मा वह हॉस्पिटल का स्टाफ भी मौजूद रहेगा।


# पं0 जगन्नाथ मिश्र लॉ कालेज

पूरे भैरो मिश्र, लालगंज, रायबरेली

पत्रांक :– मेमो                    दिनांक :– 04/07/2025

## आवश्यकता है

पं. जगन्नाथ मिश्र लॉ कालेज पूरे भैरो मिश्र, लालगंज, रायबरेली में एल.एल.बी. 03 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य एक पद एवं सहायक आचार्य 14 पद पर प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय/बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया/यू.जी.सी. के मानकानुसार। इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी जारी विज्ञापन के एक सप्ताह के अन्दर शैक्षिक प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक
अकिंचन मिश्र
9918020211


प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राज्य से आम सहित बागवानी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एकीकृत परिसर का निर्माण कराया जाएगा। सिंह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के 'मैंगो फेस्टिवल के उदघाटन के अवसर पर यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भारत में अपनी तरह की पहली यह सुविधा पड़ोसी राज्यों को अपने कृषि और बागवानी उत्पादों का निर्यात करने में भी मदद करेगी। मनोज कुमार सिंह ने कहा, "निर्माणाधीन जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास बनने वाली यह सुविधा कृषि निर्यात के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगी। इसमें अंतरराष्ट्रीय निर्यात के सुविधाएं एक एकीकृत परिसर में उपलब्ध कराई जाएंगी। इस तरह के केंद्र की जरूरत के बारे में मुख्य सचिव ने कहा, "विभिन्न देशों में कृषि उत्पाद से जुड़ी सुरक्षाओं के संबंध में आवश्यकताएं अलग–अलग हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका भेजे जाने वाले आमों को गामा विकिरण उपचार की आवश्यकता होती है, जबकि जापान भेजे जाने वाले आमों को गर्म पानी के वाष्प उपचार की आवश्यकता होती है। मुख्य सचिव ने कहा, "इसके अतिरिक्त, कीटनाशक अवशेषों के स्तर और अन्य मापदंडों के लिए परीक्षण भी होते हैं। अभी तक, भारत में एक भी ऐसी जगह नहीं है जहां निर्यात से संबंधित ये सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों।श्श सिंह ने बताया

# बिहार में प्राचार्यों की नियुक्तिके लिए लं

# मायावती का तीखा हमला, केंद्र सर

लखनऊ (संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में लॉटरी के जरिए प्राचार्यों की नियुक्ति किए जाने की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से इस "विकृत प्रयोग" का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट में बिहार में लॉटरी के जरिए प्राचार्यों की नियुक्ति किये जाने की आलोचना की। उन्होंने कहा, "बिहार के प्रसिद्ध पटना विश्वविद्यालय के पांच प्रतिष्ठित कालेजों में 'लाटरी' की नयी व्यवस्था के तहत प्रिन्सिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण देश भर, खासकर मीडिया व शिक्षा जगत में काफी चर्चाओं में है।" मायावती ने कहा, "स्थापित परम्परा से हटकर लाटरी के जरिए नियुक्ति की विचित्र व्यवस्था लागू करने के कारण केवल कला (आर्ट्स) विषयों की पढ़ाई वाले 1863 में स्थापित पटना कॉलेज में कैमिस्ट्री के प्राध्यापक प्रोफेसर अनिल कुमार प्राचार्य बन गये हैं।" उन्होंने दावा किया, "बिहार विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान की प्राचार्य प्रोफेसर अल्का यादव, विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए प्रख्यात पटना साइन्स कॉलेज की नयी प्रिन्सिपल नियुक्त हुयी हैं।" उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार की नियुक्ति वाणिज्य महाविद्यालय में भी हुई है जहां पहली बार कला संकाय की महिला प्राध्यापक डॉ. सुहेली मेहता प्राचार्य बन गई, हालांकि उनके विषय की पढ़ाई यहां इस कालेज में नहीं होती है।उन्होंने कहा, "साथ ही, महिला शिक्षा जगत में प्रसिद्ध मगध महिला कॉलेज को लम्बे इतिहास में दूसरी बार पुरुष प्रिन्सिपल मिले हैं। प्रोफेसर एन. पी. वर्मा यहां के नये प्राचार्य होंगे जबकि प्रोफेसर योगेन्द्र कुमार वर्मा की लॉटरी पटना लॉ कालेज के प्रिन्सिपल के रूप में निकली है।" बसपा प्रमुख ने कहा, "इसको लेकर लोगों में उत्सुकता है कि पारदर्शिता व तटस्थता के नाम पर बिहार सरकार व वहां के चांसलर (कुलाधिपति) द्वारा इस प्रकार लॉटरी के माध्यम से की गयी प्रिन्सिपल की नियुक्तियों को सही ठहराकर क्या इस व्यवस्था को भाजपा–शासित अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा?"मायावती ने इस प्रयोग को उच्च शिक्षा व्यवस्था में खराबी पैदा करने वाला बताते हुए कहा, "वास्तव में कॉलेजों के प्रिन्सिपल जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी पूरी पारदर्शिता, तटस्थता व ईमानदारी के साथ नियुक्ति नहीं कर पाने की अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ही ऐसा घातक प्रयोग करना लोगों की नजर में उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुधार का कम, खराब करने वाला ज्यादा प्रतीत होता है।"उन्होंने कहा, "इसी प्रकार, इस परम्परा को अपना कर आगे चलकर मेडिकल कालेजों, आईआईटी व अंतरिक्ष